an>

Title: Need to erect an epitaph in memory of Late Gopinath Munde and name the road on which he succumbed to death due to accident as 'Gopinath Munde Marg'.

डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ (लातूर): महोदय, मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। जैसा कि सदन के सारे सदस्य जानते हैं, स्वर्गीय श्री गोपीनाथ मुंडे जी देश के एक बहुत बड़े नेता थे। वे भारत सरकार में मंत्री और महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्ग के कल्याण में लगा दिया। 3 जून, 2014 को एक सड़क हादसे की वजह से उनका असमय स्वर्गवास हुआ और आज वे हमारे बीच में नहीं हैं। आज उनका जन्मदिन है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूँ कि इस अवसर पर उस हादसे की जगह पर, जहाँ उनकी जान गयी, वहाँ उनका एक स्मारक बनाया जाए और उस मार्ग को गोपीनाथ मुंडे मार्ग घोषित किया जाए, ताकि हम सही मायने में उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Janardhan Singh Sigriwal – not present.